भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1078

(दिनांक 15.12.2022 को उत्तर के लिए)

मंत्रालयों में सचिव/संयुक्त सचिव

1078. श्री राम नाथ ठाकुर :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) केन्द्रीय मंत्रालयों में संयुक्त सचिव एवं सचिव पद पर नियुक्त अन्य पिछड़े वर्ग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति और सामान्य वर्ग से संबंधित अधिकारियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) तत्संबंधी मंत्रालय-वार, विभाग-वार एवं वर्ग-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) और (ख): केन्द्रीय स्टाफिंग स्कीम के अंतर्गत संयुक्त सचिव और सचिव के पदों पर वर्तमान में तैनात कुल 322 अधिकारियों में से 16, 13, 39 एवं 254 क्रमशः अ.जा., अ.ज.जा., अ.पि.व. एवं सामान्य श्रेणी से हैं।

****